# तुगलक वंश

(1) तुगलक वंश का संस्थापक गयासुद्दीन तुगलक था।

(2) गयासुद्दीन तुगलक ने दिल्ली के समीप तुगलकाबाद नगर स्थापित किया।

(3) मुहम्मद बिन तुगलक को अपनी सनक भरी योजना, क्रूर कृत्यों एवं दूसरे के सुख-दुःख के प्रति उपेक्षा भाव रखने के कारण स्वप्नशील, पागल एवं रक्तपिपासु कहा गया।

(4) मुहम्मद बिन तुगलक ने अपनी राजधानी दिल्ली से देवगिरी स्थानांतरित किया इसका नाम दौलताबाद रखा।

(5) मु० तुगलक ने कृषि के विकास के लिए "अमीर-ए-कोही" नामक एक नवीन विभाग की स्थापना की।

(6) इब्नबतूता की पुस्तक रेहला में मुहम्मद तुगलक के समय की घटनाओं का वर्णन है।

(7) मुहम्मद बिन तुगलक की मृत्यु पर इतिहासकार बरनी लिखता है "अंततः लोगो को उससे मुक्ति मिली और उसे लोगों से)

(8) फिरोज तुगलक ब्राह्मणों पर जजिया लागू करने वाला पहला मुसलमान शासक था।

(9) फिरोज तुगलक ने अनाथ मुस्लिम महिलाओं, विधवाओं एवं लड़कियों की सहायता के लिए दीवान-ए-खैरात की स्थापना की।

(10) दासो की सबसे अधिक संख्या (1,80,000) फिरोज तुगलक के समय थी।

(11) फिरोज तुगलक ने अपनी आत्मकथा फतूहात-ए-फिरोजशाही की रचना की

(12) फिरोज तुगलक ने दिल्ली में कोटला फिरोजशाह दुर्ग का निर्माण करवाया।

(13) तुगलक वंश का अंतिम शासक नासिरुद्दीन महमूद तुगलक था

Scanned with CamScanner